प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश मंत्रिमडल ने वन्य प्राणी विंग को धर्मशाला स्थानांतरित करने को दी मंजूरी– राज्य में अब 2 साल के लिए ट्रेनी के तौर पर होंगी नियुक्तियां।
- संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– सरकार में सब ठीक–ठाक– पूरा मंत्रिमंडल मुख्यमंत्री के साथ।
- पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए राज्य सरकार द्वारा उचित कदम न उठाए जाने के विरोध में भाजपा ने किया प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन।
- प्रदेश में बिगड़े रहेंगे मौसम के तेवर– अगले 4 दिनों के लिए 5 ज़िलों में ओलावृष्टि, आंधी और तूफान का ऑरेंज अलर्ट।

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल ने राजधानी शिमला में भीड़ को कम करने के लिए वन विभाग के वाईल्ड लाईफ विंग को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने को मंजूरी दे दी है। ये निर्णय प्रदेश मंत्रिमंडल की आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। मंत्रिमंडल ने राज्य के सभी रैवेन्यू कोर्ट को ऑनलाईन करने को भी मंजूरी दी है। इससे लोग घर बैठे ही अपने मुकद्दमे का स्टेटस पता कर सकेंगे। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने अनुबंध पर भर्तियों को खत्म कर अब 2 साल के लिए ट्रेनी के तौर पर नियुक्तियां देने का भी निर्णय लिया है। हर्षवर्धन चौहान ने सोशल मीडिया पर मंत्रियों की वायरल हो रही टिप्पणियों को लेकर कहा कि सरकार में सब ठीक–ठाक है। उन्होंने कहा कि आज सभी मंत्री कैबिनेट में मौजूद थे और पूरा विधायक दल मुख्यमंत्री के साथ चट्टान की तरह खड़ा है।

बीजेपी प्रदर्शन

हिमाचल प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए सरकार द्वारा उचित कदम न उठाए जाने के विरोध में प्रदेश भाजपा ने आज प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किए। शिमला में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार राज्य में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और ज़िलाधीश के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रदेश में वैध व अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानियों को तुरंत वापिस भेजने की मांग की। उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते

हुए संजौली मस्जिद पर आए नगर निगम अदालत के फैसले का भी स्वागत किया। सोलन में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई तय है, लेकिन हिमाचल में भी कुछ ऐसी ताकतें हैं जो देश विरोधी तत्वों को प्रोत्साहन दे रही है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। चंबा में आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांगड़ा से भाजप सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल से पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए सरकार ने कोई काम नहीं किया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने ठियोग में विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढने और वापिस भेजने में गंभीर नहीं है।

<u>जयराम ठाकुर</u>

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार और संगठन की अंतर्कलह खुलकर सामने आ गई है। सरकार की इस अंतर्कलह से प्रदेश का नुकसान हो रहा है। जयराम ठाकुर ने आज मंडी में एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री और नेता अपने हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली सरकार है जो विकास की उल्टी राह पर चल रही है। सरकार में बैठे लोगों को प्रदेश और प्रदेशवासियों के हितों की बजाय अपने हितों की चिंता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस बड़े–बड़े वायदे कर सत्ता में आई थी, लेकिन अब उसे जनता और उसके हितों से कोई सरोकार नहीं है।

<u>कुलदीप राठौर</u>

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों और बागवानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की प्रदेश सरकार से मांग की है। राठौर ने आज शिमला में कहा कि ओलावृष्टि से सेब और अन्य नकदी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में किसानों और बागवानों के साथ खड़े रहने की ज़रूरत है। उन्होंने सरकार से किसानों और बागवानों के ऋणों की अदायगी रोकने और प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचने के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की।

<u>मौसम</u>

प्रदेशवासियों को अभी कुछ दिन और मौसम के बिगड़े तेवरों का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों के लिए प्रदेश के 5 ज़िलों में अंधड़, आसमानी बिजली गिरने, ओलावृष्टि और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अलग–अलग स्थानों पर आंधी चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने इस दौरान राज्य के किन्नौर ज़िले को छोड़कर अन्य सभी ज़िलों में भी अंधड़, ओलावृष्टि और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच प्रदेश में आज अधिकांश स्थानों पर घने बादल छाए हुए हैं और कुछ स्थानों पर

वर्षा भी हुई। राज्य में पिछले कुछ दिनों के दौरान कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि, आंधी और अंधड़ से कृषि और बागवानी को व्यापक नुकसान हुआ है।

बीएसएनएल

हिमाचल प्रदेश में दूरसंचार विभाग के अप्पर महानिदेशक लाइसेंस सेवा क्षेत्र ने आज आई.आई.टी. मंडी के 3 छात्र स्वयं सेवकों को संचार मित्र योजना के तहत उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए। दूरसंचार विभाग द्वारा शुरू की गई संचार मित्र योजना एक नागरिक केंद्रित पहल है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को दूरसंचार सुरक्षा के बारे मे जागरूक करना और भारत सरकार की प्रमुख डिजिटल पहलों को बढ़ावा देना है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश मंत्रिमडल ने वन्य प्राणी विंग को धर्मशाला स्थानांतरित करने को दी मंजूरी– राज्य में अब 2 साल के लिए ट्रेनी के तौर पर होंगी नियुक्तियां।
- संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा– सरकार में सब ठीक–ठाक– पूरा मंत्रिमंडल मुख्यमंत्री के साथ।
- पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए राज्य सरकार द्वारा उचित कदम न उठाए जाने के विरोध में भाजपा ने किया प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन।
- प्रदेश में बिगड़े रहेंगे मौसम के तेवर– अगले 4 दिनों के लिए 5 ज़िलों में ओलावृष्टि, आंधी और तूफान का ऑरेंज अलर्ट।

...................